

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–253/2026

राज्यपाल से भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की

पटना 24 नवम्बर, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) से भारतीय पुलिस सेवा के 78 आरआर के 2024 एवं 2025 बैच के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने बिहार लोक भवन, पटना में शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर प्रशिक्षु पदाधिकारियों से संवाद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पुलिस पदाधिकारियों को साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट और तकनीक से जुड़े अन्य आधुनिक अपराधों के बारे में लगातार अध्ययन करें और इनके प्रति जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों से बचाव के लिए आम लोगों को भी जागरूक करना आवश्यक है।

राज्यपाल ने कहा कि पुलिस पदाधिकारियों की सामाजिक जिम्मेदारियाँ भी होती हैं। लोग पुलिस की बात को गंभीरता से सुनते हैं, इसलिए पुलिस पदाधिकारी लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बीट पुलिस और चौकीदारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर देते हुए कहा कि लोगों तक पहुँच बनाने, उन्हें जानकारी देने और जागरूक करने के लिए ये महत्वपूर्ण माध्यम हैं, इसलिए उन्हें सशक्त और सक्षम बनाया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि पुलिस पदाधिकारियों को अपने सभी कार्यों में उच्च मानदंडों का पालन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ–साथ आपदा प्रबंधन में भी पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रशासन के साथ मिलकर पुलिस को आपदा या किसी आपात स्थिति की पूर्व चेतावनी समय पर लोगों तक पहुँचाने और त्वरित कार्रवाई करने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इससे लोगों की जान बचाने, उनकी आजीविका की रक्षा करने तथा संसाधनों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने भी प्रश्न पूछे, जिनका राज्यपाल ने समुचित उत्तर दिया।

इस अवसर पर राज्यपाल की सचिव श्रीमती रचना पाटिल तथा अपर पुलिस महानिदेशक श्री सुनील कुमार सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।

.....